exam WiNNER®

A

# SAMAGRA SHIKSHA, KERALA

909

## ANNUAL EVALUATION 2018-19

IX

Third Language

**HINDI**

Time : 90 minutes
Maximum Score : 40

**सामान्य निर्देश :**

- 15 मिनट का कूल ऑफ़ टाईम दिया जाएगा।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

**सूचना : 'अकाल में सारस' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

सो, उन्होंने गर्दन उठाई
एक बार पीछे की ओर देखा
न जाने क्या था उस निगाह में
दया कि घृणा
पर एक बार जाते-जाते
उन्होंने शहर की ओर मुड़कर
देखा ज़रूर

1. यहाँ '**दृष्टि**' के अर्थ में प्रयुक्त शब्द कौन-सा है? 1

(क) गर्दन। (ख) निगाह।
(ग) घृणा। (घ) शहर।

2. सारस किसकी तलाश में शहर की ओर आए थे? 1

3. कवि और कविता का परिचय देते हुए पंक्तियों का आशय लिखें। 3

**सूचना : 'पक्षी और दीमक' कहानी का अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

एक दिन उसके पिता ने देख लिया। उसने समझाने की कोशिश की कि बेटे, दीमकें हमारा स्वाभाविक आहार नहीं हैं, और उनके लिए अपने पंख तो हरगिज़ नहीं दिए जा सकते। लेकिन, उस नौजवान पक्षी ने बड़े ही गर्व से अपना मुँह दूसरी ओर कर लिया।

4. '**मुँह दूसरी ओर कर लिया**' का मतलब क्या है? 1

(क) स्वीकार कर लिया। (ख) तिरस्कार कर लिया।
(ग) प्राप्त कर लिया। (घ) संदेह कर लिया।

5. पिता ने पक्षी को क्या समझाया? 1

6. पक्षी अपने पंख देकर दीमकें खरीदता है। पक्षी के इस व्यवहार पर आपका विचार क्या है? 2

**सूचना : 'संसार पुस्तक है' पत्र का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> यह धरती लाखों-करोड़ों वर्ष पुरानी है, और बहुत दिनों तक इसमें कोई आदमी न था। आदमियों के पहले सिर्फ़ जानवर थे, और जानवरों से पहले ऐसा समय था जब इस धरती पर कोई जानदार चीज़ न थी।


7. '**इसमें**' में निहित सर्वनाम क्या है? 1

   (क) वह (ख) ये

   (ग) यह (घ) वे

8. आदमियों के आने से पहले धरती कैसी थी? 2

9. आशय का विस्तार करके वाक्य पिरामिड की पूर्ति करके लिखें। 2




**सूचना : 'राग गौरी' पद की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 10 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> कहा कहौ एहि रिसि के मारे खेलन हौं नहिं जातु।
> पुनि-पुनि कहत कौन है माता को है तुमरो तातु।।
> गोरे नंद जसोदा गोरी तुम कत स्याम सरीर।
> चुटकी दै दै हँसत ग्वाल सब सिखै देत बलवीर।।

10. '**काला**' का समानार्थी शब्द चुनकर लिखें। 1

    (क) रिसि (ख) मोसों (ग) चुटकी (घ) स्याम

11. निम्नलिखित आशयवाली पंक्ति कवितांश से चुनकर लिखें। 1

    **बार-बार यही कहने से मुझे क्रोध आता है और मैं खेलने भी नहीं जाता हूँ।**

12. बलवीर हमेशा बालकृष्ण को चिढ़ाता रहता है। बलवीर और बालकृष्ण के बीच की इस **बातचीत** को आगे बढ़ाएँ। (बातचीत में चार विनिमय हों) 4

    बलवीर : अरे कृष्ण, तुम्हारी माता कौन है?

    कृष्ण : ....................................



exam WiNNER®

**सूचना : 'गांधीजी गांधीजी कैसे बने' लेख का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 13 और 14 के उत्तर लिखें।**

> अगर आप सचमुच अपने देश और देशवासियों से प्यार करते हैं तो आपको कम से कम में काम चलाना चाहिए। और सादगी का महत्व समझना चाहिए। आप बड़े बनेंगे और कहाएँगे अपने विचारों से और अपने काम से, न कि अपने कपड़ों से।

13. यहाँ गांधीजी किसके महत्व पर प्रकाश डालते हैं? 1

(क) कपड़ों के (ख) प्यार के

(ग) सादगी के (घ) सच्चाई के

14. गांधीजी के मत में हमें किस प्रकार नाम कमाना चाहिए? 2

**सूचना : 'प्रेमचंद घर में' संस्मरण का यह अंश पढ़ें, और 15 से 17 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> मेरी पहली 'साहस' नाम की कहानी 'चाँद' में छपी। मैंने वह कहानी उन्हें नहीं दिखाई। 'चाँद' में आपने देखा। ऊपर आकर मुझसे बोले- "अच्छा, अब आप भी कहानी-लेखिका बन गईं?"

15. शिवरानी देवी की पहली कहानी का नाम क्या है? 1

16. '**लेखिका**' के स्थान पर '**लेखक**' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। 1

**आप कहानी-लेखिका बन गईं।**

17. 'चाँद' में शिवरानी देवी की कहानी देखकर प्रेमचंद ने उनकी प्रशंसा की। इससे शिवरानी देवी बहुत खुश हुई। इस बात का जिक्र करते हुए शिवारानी देवी ने अपनी सहेंली के नाम पत्र लिखा। सहेली के नाम शिवरानी देवी का संभावित **पत्र** लिखें। 4

**अथवा**

उपर्युक्त प्रसंग के आधार पर शिवरानी देवी की उस दिन की **डायरी** लिखें।

**सूचना : 'नंगे पैर' कहानी का अंश पढ़ें और 18 से 20 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> पोस्टमैन अभी खड़ा था। बेबी की ओर देखकर वह मुस्कराया। बेबी भी हँसी। डाक लेकर बेबी ने पूछा, "क्या तुम नए पोस्टमैन हो?"
> "जी, हाँ।"
> "डाक फेंककर तुम चले जाया करो। मुझे आने में देर लगती है।"
> पोस्टमैन ने बेबी के पैरों की ओर देखा और देर तक मौन रहा।

18. '**नए पोस्टमैन**' में विशेषण शब्द कौन-सा है? 1



exam WiNNER®

19. पोस्टमैन बेबी को देखकर देर तक मौन रहा। क्यों? 1

(क) पोस्टमैन चलने में असमर्थ था।

(ख) पोस्टमैन के मन में सच्ची सहानुभूति थी।

(ग) पोस्टमैन का मन क्रोध से भर गया था।

(घ) पोस्टमैन डाक फेंककर चला जाना चाहता था।

20. 'नंगे पैर' कहानी के उपर्युक्त प्रसंग के आधार पर **पटकथा का एक दृश्य** लिखें। 4

**अथवा**

संकेतों की सहायता से बेबी की चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी लिखें।

- अकेलापन सहनेवाली
- दूसरों की सहायता करनेवाली
- दूसरों की खुशी चाहनेवाली

**सूचना : कहानी पढ़ें, प्रश्न 21 और 22 के उत्तर लिखें।**

एक था दरजी, एक थी दरजिन। दोनों लोभी थे। घर में कोई मेहमान का आना उन्हें पसंद नहीं था। एक दिन घर में एक मेहमान आया। दरजी और दरजिन दोनों ने मेहमान को भगाने का उपाय ढूँढ़ निकाला। दोनों झगड़े का नाटक करके घर से भाग गए। मेहमान भी चतुर था। जब दरजी और दरजिन घर वापस आए तो देखा कि मेहमान आराम से सो रहा था!

21. कहानी के लिए उचित **शीर्षक** लिखें। 1

22. कहानी के आधार पर **सही मिलान** करें। 4

| | |
|---|---|
| दरजी और दरजिन को | दरजी और दरजिन का नाटक समझ गया। |
| मेहमान को भगाने के लिए | मेहमान आराम से सो गया। |
| मेहमान चतुर था कि | दरजी और दरजिन ने झगड़े का नाटक किया। |
| दरजी और दरजिन के घर में | घर में मेहमान का आना पसंद नहीं था। |



exam WINNER ®